MASA-01

December - Examination 2025
M.A. (Previous) Examination
SANSKRIT
वैदिक साहित्य एवं तुलनात्मक भाषाविज्ञान
Paper : MASA-01

[*Time: **3** Hours*] [*Maximum Marks: **80***]

निर्देश :– यह प्रश्नपत्र 'अ', 'ब' और 'स' तीन खण्डों में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड के निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

खण्ड–'अ' **8×2=16**

(अति लघुउत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :– सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को प्रश्नानुसार एक शब्द, एक वाक्य या अधिकतम 30 शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है।

1. (i) सामवेद की शाखाओं के नाम लिखिए।
   (ii) रुद्र सूक्त ऋग्वेद के कौनसे मण्डल का कौनसा सूक्त है?
   (iii) विष्णु देवता हेतु प्रयुक्त ऊरूगायः शब्द का क्या अर्थ है?
   (iv) वाक् सूक्त के ऋषि कौन हैं?
   (v) पुरुष सूक्त के अनुसार सृष्टि प्रक्रिया में कौनसी ऋतु थी?
   (vi) शिवसंकल्प सूक्त में कुल कितने मन्त्र हैं?
   (vii) निरुक्त के अनुसार इन्द्रियनित्यं वचनम् यह मत किस ऋषि का है?
   (viii) पदविज्ञान किसे कहते हैं?

खण्ड–'ब' **4×8=32**

(लघुउत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :– **किन्हीं चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम 200 शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 8 अंक का है।

2. निम्न में से किसी एक मन्त्र का पदपाठ एवं अन्वय सहित हिन्दी अनुवाद कीजिए –

   (अ) अहं राष्ट्री संगमनी वसूनां चिकितुषी प्रथमा यज्ञियानाम्।
   तां मां देवा व्यदधुः पुरुत्रा भूरिस्थात्रां भूर्यावेशयन्तीम्।।

   अथवा

   (ब) य आत्मदा बलदा यस्य विश्वे उपासते प्रशिषं यस्य देवाः।
   यस्य च्छायामृतं यस्य मृत्युः कस्मै देवाय हविषा विधेम।।

3. निम्न में से किसी एक मन्त्र की सान्वय व्याख्या संस्कृतभाषा में कीजिए –

(अ) कामस्तदग्रे समवर्तताधि मनसो रेतः प्रथमं यदासीत्।

सतो बन्धुमसति निरविन्दन् हृदि प्रतीष्या कवयो मनीषा।।

अथवा

(ब) सुषारथिरश्वानिव यन्मनुष्यान्नेनीयतेऽभीशुभिर्वाजिन इव।

हृत्प्रतिष्ठं यदजिरं जविष्ठं तन्मे मनः शिवसङ्कल्पमस्तु।।

4. वेद के अपौरुषेयत्व पर संक्षिप्त लेख लिखिए।

5. अक्षसूक्त के सामाजिक सन्देश को बताइए।

6. अधोलिखित में से किन्हीं दो शब्दों का निरुक्त के आधार पर निर्वचन कीजिए –

(1) सीमा (2) आचार्य (3) अश्व (4) दिशा

7. पृथ्वी सूक्त के आधार पर पृथ्वी के स्वरूप को स्पष्ट कीजिए।

8. ऐतिहासिक भाषाविज्ञान को स्पष्ट कीजिए।

9. ग्रिम नियम पर प्रकाश डालिए।

खण्ड–'स' **2×16=32**

(दीर्घउत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :– **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम **500** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न **16** अंक का है।

10. इन्द्र सूक्त के आधार पर इन्द्र के पराक्रमशाली कार्यों का वर्णन कीजिए।

11. ऋग्वेदिक सृष्टि प्रक्रिया एवं प्रलय का विवेचन कीजिए।

12. निरुक्त के आधार पर षड्भावविकारों का वर्णन कीजिए।

13. भाषा की उत्पत्ति के विविध सिद्धान्तों का वर्णन कीजिए।